13-9

निबंधन संख्या पी०टी०-40

सत्यमेव जयते

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

5 पौष 1944 (श०)
(सं० पटना 1101) पटना, सोमवार, 26 दिसम्बर, 2022

सामान्य प्रशासन विभाग

अधिसूचना
26 दिसम्बर, 2022

सं० 3/एच0-01/2022-सा०प्र०-23268—सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या-11265 दिनांक-24.09.2021 द्वारा वर्ष 2022 के लिए एवं अधिसूचना संख्या-15471 दिनांक-31.08.2022 द्वारा वर्ष 2023 के लिए बिहार राज्य सरकार के कार्यालयों एवं राजस्व दंडाधिकारी न्यायालयों में कार्यपालक आदेश के तहत् सामान्य अवकाश एवं प्रतिबंधित अवकाश तथा एन.आई.ऐक्ट, 1881 के तहत् सार्वजनिक अवकाश एवं राज्य में अवस्थित बैंकों में वार्षिक बैंक लेखा बंदी अवकाश अधिसूचित की गयी है।

2. अधीक्षक, तख्त श्री हरिमंदिरजी पटना साहिब के पत्रांक-56/4730/2022 दिनांक-20.12.2022 द्वारा श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) हेतु दिनांक-05.01.2023 के स्थान पर दिनांक-29.12.2022 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3. (i) अतः सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या-11265 दिनांक-24.09.2021 द्वारा वर्ष 2022 के लिए घोषित अवकाश में श्री गुरू गोविन्द सिंह जन्म दिवस हेतु दिनांक-29.12.2022 (गुरूवार) को कार्यपालक आदेश के तहत सामान्य अवकाश घोषित किया जाता है।

(ii) सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या-15471 दिनांक-31.08.2022 द्वारा वर्ष 2023 के लिए श्री गुरू गोविन्द सिंह जन्म दिवस हेतु दिनांक-05.01.2023 (गुरूवार) को कार्यपालक आदेश के तहत घोषित सामान्य अवकाश को विलोपित किया जाता है।

4. सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या-11265 दिनांक-24.09.2021 एवं अधिसूचना संख्या-15471 दिनांक-31.08.2022 इस हद तक संशोधित समझा जायेगा।

बिहार-राज्यपाल के आदेश से,
गुफरान अहमद,
सरकार के उप-सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 1101-571+10-डी०टी०पी०।
Website: http://egazette.bih.nic.in